RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-24 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 16 जुलाई से 22 जुलाई 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# प्राइवेट कंपनियों में रिजर्वेशन, इस राज्य में नए बिल से टेंशन, चेतावनी- सब भाग जाएंगे!

**नैस्कॉम ने कर्नाटक सरकार से नए बिल को वापस लेने का आग्रह किया है जो प्राइवेट कंपनियों में स्थानीय कैंडिडेट के लिए नौकरियों में रिजर्वेशन लागू करता है। कर्नाटक के वाणिज्य मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि इस मुद्दे पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन ने कहा है कि इससे कर्नाटक में निवेश करने वाली कंपनियां दूसरे राज्यों में भाग जाएंगी।**

**नई दिल्ली**-सॉफ्टवेयर और सर्विस कंपनियों के राष्ट्रीय संगठन नैक्कॉम ने कर्नाटक सरकार के नए बिल पर चिंता जताई है। इस बिल में प्राइवेट कंपनियों में 50 फीसदी मैनेजमेंट और 75 फीसदी गैर-मैनेजमेंट पदों पर स्थानीय लोगों को नौकरी देने का प्रावधान है। नैस?कॉम ने कर्नाटक सरकार से इस बिल को वापस लेने का अनुरोध किया है।

नैस्कॉम का कहना है कि यह बिल राज्य में निवेश करने वाली कंपनियों को भगाएगा और स्टार्टअप्स को नुकसान पहुंचाएगा। इससे राज्य में कुशल लोगों की कमी होगी। कंपनियां दूसरे राज्यों में चली जाएंगी। संगठन ने इस मामले पर चर्चा करने के लिए उद्योग के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के साथ जल्द से जल्द बैठक करने की मांग की है।

### बिल के प्रावधानों को लेकर चिंता

नैस्कॉम ने कहा, हमारे सदस्य इस बिल के प्रावधानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। हम राज्य सरकार से इस बिल को वापस लेने का आग्रह करते हैं। यह बिल प्रगति को उलटने, कंपनियों को भगाने और स्टार्टअप्स को प्रभावित करने का खतरा पैदा करता है, खासकर ऐसे समय में जब अधिक ग्लोबल कंपनियां राज्य में निवेश करने की तलाश कर रही हैं। साथ ही, प्रतिबंध कंपनियों को स्थानांतरित करने के लिए मजबूर कर सकते हैं क्योंकि स्थानीय कुशल प्रतिभा काफी कम होती हैं।

### सरकार ने दिया आश्वासन

कर्नाटक के वाणिज्य और उद्योग, अवसंरचना मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि कन्नड़ लोगों और उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा, कर्नाटक एक प्रगतिशील



राज्य है और हम औद्योगीकरण की इस दौड़ में पिछड़ नहीं सकते। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी के हितों की रक्षा हो। उद्योगों को आश्वस्त किया जाता है कि उन्हें कोई डर या आशंका नहीं होनी चाहिए वे निश्चिंत रहें।

## आईएएस पूजा खेडकर का नया दांव, पुणे डीएम पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**महाराष्ट्र की ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर ने अब नया दांव चला है. उन्होंने पुणे के डीएम पर परेशान करने का आरोप लगाया है. यहां तक कि उन्होंने वासिम पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई है. पूजा के मुताबिक, जांच के बहाने उनका उत्पीड़न किया जा रहा है. एक दिन पहले ही पुलिस की टीम पूजा खेडकर के घर पहुंची थी और उनसे लंबी पूछताछ भी की थी. पुणे ग्रामीण पुलिस की टीमें पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर और पिता दिलीप खेडकर की तलाश के लिए अहमदनगर भी पहुंची थीं।**



एक अधिकारी के अनुसार, महिला पुलिसकर्मी सोमवार को पूजा खेडकर से मिलने वाशिम स्थित उनके आवास पर गईं. तब उन्होंने पुणे के जिला कलेक्टर सुहास दिवसे के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी. इससे पहले दिन में खेडकर ने यह बताने से इनकार कर दिया था कि महिला पुलिसकर्मी उनके घर क्यों आई थीं.

पूजा ने सिर्फ इतना कहा कि मैंने महिला पुलिसकर्मियों को बुलाया था क्योंकि मुझे कुछ काम था. देर शाम स्पष्ट हो गया कि पूजा खेडकर ने पुणे के डीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिसकर्मियों को अपने आवास पर बुलाया था.

पूजा खेडकर पर कई तरह के आरोप लगे हैं. इसे देखते हुए सरकार ने उनकी ट्रेनिंग रद्द कर दी है और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा है. महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि अकादमी ने आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया है. इसके बाद सरकार ने उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया है. उधर, पुलिस उनकी कार से जुड़े मामले की जांच कर रही है. प्रशासन उनके प्रमाणपत्रों की छानबीन कर रहा है. विकलांगता सर्टिफिकेट जांच के घेरे में है।

## अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल, दिल्ली हाईकोर्ट अब 29 जुलाई को करेगा जमानत पर सुनवाई



**दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी व रिमांड आदेश को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस बीच कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर भी फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी व रिमांड आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई।

अरविंद केजरीवाल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में जिरह के दौरान केजरीवाल की जमानत को लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र किया है। अदालत ने बुधवार को गिरफ्तारी पर निर्णय सुरक्षित रखा और केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है।

## हरियाणा सरकार का बड़ा ऐलान, अग्निवीरों के लिए पुलिस और माइनिंग गार्ड भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अग्निवीर योजना प्रधानमंत्री मोदी की एक महत्वाकांक्षी योजना है, लेकिन कांग्रेस इस योजना को लेकर लगातार दुष्प्रचार कर रही है. इस योजना के तहत हमें स्किल्ड युवा मिल रहे हैं. अग्निवीरों को आर्म्स लाइसेंस भी दिया जाएगा. हरियाणा में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं. सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब है. चुनाव से पहले हरियाणा की बीजेपी सरकार ने अग्निवीर योजना को लेकर बड़ा ऐलान किया है. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से अग्निवीरों को पुलिस भर्ती और माइनिंग गार्ड समेत कई अन्य पदों की भर्ती में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा. साथ ही उनके लिए कई अन्य लाभकारी योजनाओं का ऐलान किया गया है.

मुख्यमंत्री सैनी ने आज बुधवार को अग्निवीरों के लिए बड़ी योजना का ऐलान किया. मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पीएम मोदी की ओर से 14 जून 2022 को अग्निपथ योजना लागू की गई है. इस योजना के तहत अग्निवीरों को 4 साल के लिए भारतीय सेना में तैनात किया जाता है. हमारी सरकार अब हरियाणा में अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार द्वारा भर्ती किए जाने वाले कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और स्व्ह के पदों पर सीधी भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण प्रदान करेगी.

संपादकीय

# निरंकुश हुई महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर, खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने छुई ऊंचाई

विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी।



**खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। हालांकि पिछले चार महीनों से थोक महंगाई में लगातार वृद्धि का रुख बना हुआ है, मगर जून महीने में यह सोलह महीनों के उच्च स्तर 3.36 फीसद पर पहुंच गई। अभी इसमें बहुत बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही। बरसात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि अगले महीने इसमें कुछ कमी दर्ज होगी। बताया जा रहा है कि जून में तेज लू चलने के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 10.87 दर्ज हुई।**

## सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई

इनमें सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई। प्याज की कीमतों में 99.35 फीसद, आलू में 66.37 तथा अन्य हरी सब्जियों में 38.35 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फलों की कीमतों में 10.14 फीसद, मोटे अनाज में 9.27, गेहूं में 6.25 और दालों की कीमतों में 21.64 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। स्वाभाविक ही इसका असर विनिर्मित खाद्य वस्तुओं पर भी पड़ा है। यह तब है जब जून में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में कमी दर्ज हुई।

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब और सामान्य आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है। सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से लोगों को अपने भोजन पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी। मगर यह तो तय है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौसम के मिजाज पर निर्भर करती हैं।

पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह मौसम का रुख कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं दिखाई दे रहा है, उसमें आने वाले समय में इसे लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। ऐसे में, फिर से यह जरूरत रेखांकित हुई है कि फसलों की सुरक्षा, भंडारण, शीतगृहों की क्षमता बढ़ाने आदि जैसे जरूरी उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें पर्याप्त उपाय नहीं हैं।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# शराबबंदी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को लगाई फटकार, कहा- सभी आरोपितों को क्यों न जमानत दे दें




**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शराबबंदी मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों के गठन की खातिर बुनियादी ढांचा तैयार करने में देरी पर बिहार सरकार के प्रति नाराजगी जताई। जस्टिस ने कहा कि आप विशेष अदालत के गठन के लिए सरकारी भवनों को क्यों नहीं खाली करा लेते हैं?**

नई दिल्ली। बिहार में शराबबंदी मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों के गठन की खातिर बुनियादी ढांचा तैयार करने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नाराजगी जताई। कहा कि जब तक बुनियादी ढांचा नहीं बन जाता, तब तक के लिए सभी आरोपितों को जमानत क्यों न दे दी जाए? जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 2016 में बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम बनाया गया था। राज्य सरकार ने विशेष अदालतों के गठन के लिए अबतक जमीन का आवंटन तक नहीं किया है।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि जब तक बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं कर लिया जाता, तब तक के लिए मद्यनिषेध कानून में गिरफ्तार सभी आरोपितों को जमानत पर रिहा क्यों न कर दिया जाए? आप विशेष अदालत के गठन के लिए सरकारी भवनों को क्यों नहीं खाली करा लेते हैं?

## लंबित मामलों से न्यायपालिका पर बढ़ता है बोझ-SC

न्यायपालिका पर बोझ डालने वाले लंबित मामलों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि कानून के तहत 3.78 लाख से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन केवल 4,000 से अधिक का ही निस्तारण किया गया है। यही समस्या है। आप न्यायिक ढांचे और समाज पर इसके प्रभाव को देखे बिना ही कानून पारित कर देते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को एक हफ्ते का समय दिया

अधिनियम की एक धारा का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि जहां तक शराब के सेवन के लिए जुर्माना लगाने का प्रावधान है, यह ठीक है, लेकिन इसका संबंध कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा अभियुक्तों को सजा देने की शक्ति से है।इस मामले में एमिकस क्यूरी एडवोकेट गौरव अग्रवाल ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय ने कार्यकारी मजिस्ट्रेटों को शक्तियां प्रदान करने के बारे में अपनी आपत्ति व्यक्त की है। इसके बाद पीठ ने राज्य सरकार के वकील को इस मुद्दे पर आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मामले में क्या किया जा सकता है।

## इंदौर में रिटायर्ड फौजी ने लूटा बैंक

# सबसे पहले कर्ज चुकाया, पत्नी ने खरीदी 50 हजार की टीवी

**इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक में दिनदहाड़े 6.64 लाख रुपए की लूट एक सिक्योरिटी गार्ड (रिटायर फौजी) ने की थी। फुटेज में गार्ड नकाब और रेनकोट पहने दिखा था। पुलिस ने आरोपी गार्ड की हरे रंग की बाइक का करीब 1000 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए पीछा किया और घर ढूंढ निकाला।**

पत्नी ने नकाब और रेनकोट में पति के ही होने की पुष्टि की। जिसके बाद पुलिस ने लूट के तीन लाख रुपए, रेनकोट, हरे रंग की बाइक, जूते और बंदूक जब्त की है। सूत्रों के मुताबिक, गार्ड को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हालांकि पुलिस उसे फरार बता रही है।

इंदौर पुलिस का दावा है कि आरोपी 16 जुलाई की दोपहर 4.41 बजे वारदात के बाद अपने घर गया था। उसने लूट का रुपया पत्नी और बेटी को सौंपा और फिर चला गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को तलाश रहे हैं। वारदात में एक ही आरोपी होना पता चला है।

शहर के स्कीम नंबर 54 में मंगलवार शाम पंजाब नेशनल बैंक से एक बदमाश 6 लाख 64 हजार रुपए लूट ले गया था। नकाब और रेनकोट पहने बदमाश ने बैंक में घुसकर 315 बोर की बंदूक से हवाई फायर भी किया। कैश काउंटर पर बैठी महिला कर्मचारी से बैग में रुपए भरवाए और भाग निकला था।

बुधवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने बताया कि बैंक लूटने वाले गार्ड का नाम अरुण कुमार सिंह है। वह रिटायर फौजी है। 1999 से 2006 तक सेना में रह चुका है। शराबखोरी और स्वास्थ्य के कारणों से अरुण को सेना से बाहर कर दिया था। इसके बाद अरुण सिंह सिक्योरिटी गार्ड बन गया।

वह बैंक ऑफ इंडिया की पलासिया ब्रांच पर भी नौकरी कर चुका है। इसी वजह से उसे बैंक की गतिविधियों के बारे में जानकारी थी। आरोपी वारदात वाले पंजाब नेशनल बैंक के पास ही डेढ़ साल से गोल्ड माइन ज्वेलर्स पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी की। वहां उसे पता था कि बैंक में कोई गार्ड नहीं है। उसके बाद उसने रैकी शुरू कर दी थी।

### लूट के रुपए से कर्ज उतारा, टीवी भी खरीदी

पुलिस के मुताबिक बैंक लूटने के बाद आरोपी ने सबसे पहले कर्ज के पैसे चुकाए। इसी पैसे से अरुण सिंह की पत्नी ने लोटस शोरूम से 50 हजार रुपए की टीवी खरीदी और फिर फरार हो गया था।

### बाइक के नंबर से किया ट्रेस

लूट के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थीं। मौका-ए-वारदात पर एक्टिव



मोबाइल नंबर और कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही थी। टीमें फुटेज देखते देखते बापट चौराहे तक पहुंची उसके बाद फिर एमआर 10 पकड़कर गौरी नगर, दीनदयाल उपाध्याय नगर, लवकुश आवास विहार, अभिनंदन नगर, गौरीनगर से वीणा नगर, वीणा नगर से श्याम नगर तक पहुंची।

पुलिस टीम ने मिलकर करीब 1172 सीसीटीवी कैमरे चैक किए। इसके बाद पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान सुबह करीब 4.30 बजे पुलिस को एक घर के आगे बाइक खड़ी हुई मिल गई। यह मकान सिक्योरिटी गार्ड अरुण सिंह का निकला।



### आरोप- अतिक्रमण हटाने के बहाने मूर्ति गायब की गई

# अफसर बोले अवैध निर्माण बचाने के लिए पत्थर पर लगाया था सिंदूर

राऊ नगर परिषद में नाले पर अतिक्रमण को लेकर मंगलवार शाम मंदिर तोड़े जाने का वीडियो वायरल हो गया है। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के एक अफसर ने मूर्ति गायब कर दी। अफसरों का कहना है कि अतिक्रमण की कार्रवाई न हो इसलिए लोगों ने सिंदूर पर पत्थर लगाकर वहीं रख दिया था।

राऊ इलाके में रेलवे ब्रिज के पास मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नाले किनारे बाधक निर्माण को खाली कराया गया। यहां राऊ नगर परिषद की तरफ से सीएमओ चंद्रशेखर पूरे काम की मॉनिटरिंग कर रहे थे।

हिंदू संगठन से जुड़े लोगों का आरोप है कि उन्होंने अतिक्रमण हटाने के साथ यहां भैरव बाबा का मंदिर तोड़कर मूर्ति फिंकवा दी। लोग इस प्रतिमा की पूजा करते थे। इधर, राऊ परिषद के निगम अफसर चंद्रशेखर ने मंदिर तुड़वाने की बात से इनकार किया।

उनका कहना था कि मौके पर पार्षद, परिषद अध्यक्ष और पुलिस अफसर भी मौजूद थे। अतिक्रमण न हटे इसलिए कुछ लोगों वहां सिंदूर लगाकर एक पत्थर रख दिया था। दरअसल बारिश का पानी नाले से नहीं निकल पाता था। विधायक मधु वर्मा ने भी शिकायत की थी।

### 15 साल की नाबालिग से रेप

# टाइल्स लगाने वाले कारीगर ने चौकीदार की बेटी को बनाया शिकार, पुलिस ने पकड़ा

राजेन्द्र नगर में एक 15 साल की नाबालिग से रेप के मामले में पुलिस ने खजराना में रहने वाले एक वर्ग विशेष के आरोपी को पकड़ा है। आरोपी टाइल्स लगाने का काम करता है। नाबालिग पीड़िता का परिवार यहीं एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौकीदारी करता है। आरोपी इसी बिल्डिंग में टाइल्स लगा रहा था।



राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग की शिकायत पर अरबाज कुरैशी निवासी खजराना पर रेप और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

सोमवार को जब नाबालिग झोपड़ी के पीछे बाथरुम में नहा रही थी। वहां दरवाजा ना होकर पर्दा लगा था। तब अरबाज अचानक से अंदर आ गया और जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर मुंह दबा दिया। इसके बाद गलत काम करने लगा। इस दौरान पीड़िता की मां आवाज सुनकर वहां पहुंची तब अरबाज ने नाबालिग को धक्का दिया ओर भाग गया। बाद में नाबालिग और उसकी मां ने पति को जानकारी दी। ठेकेदार को जानकारी देकर मंगलवार को मामले में केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने अरबाज को गिरफ्तार कर लिया है।

### सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर

# ऑटो ड्रायवर की मौत, पुलिस ने कार जब्त की

**इंदौर के राजेन्द्र नगर इलाके में एक ऑटो ड्रायवर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह पान की दुकान पर जा रहा था। इस दौरान उसे एक कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**



राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रवीन्द्र पुत्र लक्ष्मण निवासी भीम नगर को एक कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में रवीन्द्र की मौत हो गई। रवीन्द्र ऑटो ड्रायवर है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

परिवार के मुताबिक रवीन्द्र के तीन बच्चे है। उसकी पत्नी महाराष्ट्र गई हुई है। यहां रवीन्द्र का ससुराल है। परिवार ने रवीन्द्र की मौत की जानकारी दे दी है। पत्नी ओर ससुराल पक्ष के लोग इंदौर के लिए रवाना हुए है।

## दवा व्यापारी से लूट की कोशिश टक्कर मारने का बहाना कर रहे थे आरोपी, एक पकड़ाया, दूसरे की तलाश

इंदौर के भंवरकुआ में एक दवा व्यापारी को बाइक सवार दो बदमाशों ने टक्कर के बहाने लूटने की कोशिश की। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है।

भंवरकुआं पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक संजय पुत्र बसंत बुधोलिया निवासी सेक्टर ई सुदामा नगर की शिकायत पर आदिल पुत्र शकील शेख निवासी कोहिनूर कॉलोनी और रहमान निवासी मदीना मस्जिद पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने जानकारी में बताया कि दवा व्यापारी संजय कार नंबर [illegible]0944 से चोइथराम के रास्ते एमवाय के सामने वीसी चेंबर में जा रहे थे। जब वह मेडिस्क्रेयर हास्पिटल के यहां पहुंचे तो दोनों आरोपी बाइक पर वहां पहुंचे और कहा कि तुमने हमारी बाइक का एक्सीडेंट किया है। उन्होंने 10 हजार रुपए मांगे। संजय ने रुपए देने से इनकार किया तो दोनों मारपीट करने लगे। आसपास के लोग वहां पहुंचे और संजय को बचाया। कुछ ही देर में भंवरकुआ पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आदिल को पकड़ा लिया। वहीं दूसरा आरोपी रहमान मौके से भाग गया।

# दिव्य वाणी

**जिन गुरूओं के यहाँ सेवा की बड़ी बड़ी पेटियां लगी रहती हैं वो तो आपके नौकर हुए, जो आपसे रूपया पैसा लेते हैं, उनमें और हममें बहुत बड़ा अंतर है, वो आपकी कुण्डलिनी जागृत नहीं करते, सिर्फ बातचीत ही बातचीत से हो जायेगा क्या?, नाम देने के लिए गुरु काहे को चाहिए, ये मेरे आजतक समझ में नहीं आया।* *भक्ति में जब अनंन्यता आती है तो ध्यान में ही मनुष्य उसका आनंद उठाता है, उसका वर्णन करने योग्य नहीं है क्योंकि उसके लिए शब्द ही संसार में नहीं हैं, ꞉निरानंदꞋ, इसीलिए कहा गया है कि ꞉जब मस्त हुए तो क्या बोलें आपको पता है ये तांत्रिक लोग क्या हैं, ये राक्षसी विद्या है, आसुरी विद्या है, ये बहुत खतरनाक विद्या है जो सारे देश को खा जायेगी, एक तांत्रिक आपके घर में आने दीजिए, सात जनम तक आप सुख नहीं भोग सकते हैं, इनकी छाया तक अपने तक मत आने दीजिए**



हर इक सुर में आपका वास है,
हर इक धुन में आपका एहसास है।
संगीत की हर सरगम हो आप
क्यूंकि, हर स्वर में हर राग में...
बस आपके चैतन्य का प्रकाश है।।

# गेस्ट रूम को सजाते समय वास्तु के इन टिप्स की लें मदद





अगर आप अपने घर के गेस्ट रूम को सजा रही हैं,तो ऐसे में आपको वास्तु के कुछछ छोटे-छोटे टिप्स की मदद लेनी चाहिए। इससे घर में पॉजिटिविटी आती है। आज के समय में लोग अपनी प्राइवेसी में किसी तरह की दखलअंदाजी पसंद नहीं करते हैं और शायद यही कारण है कि अब घरों में अलग से गेस्ट रूम बनवाने का चलन काफी बढ़ गया है। गेस्ट रूम के कारण घर में आने वाले मेहमान भी कंफर्टेबल फील करते हैं। वहीं, घर के सदस्यों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। जब गेस्ट रूम की बात होती है तो घर के अन्य सभी कमरों की तरह ही उसे भी डेकोरेट करना चाहिए। जिससे घर में आने वाले मेहमानों को अच्छा फील हो। साथ ही, घर में भी पॉजिटिविटी आए।

### लैवेंडर या मोगरा का करें इस्तेमाल

कई बार जब गेस्ट घर में आते हैं तो नई जगह के कारण उन्हें ठीक से सोने में परेशानी होती है। ऐसे में कोशिश करें कि आप कमरे को सजाते समय लैवेंडर या मोगरे की खुशबू किसी ना किसी रूप में अवश्य शामिल करें। आप चाहें तो वह पर इस खुशबू का रूम स्प्रे इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर फूलों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### लाइट हो कलर्स

जब भी आप गेस्ट रूम को सजाते हैं तो इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि आप लाइट से लाइट कलर का ही इस्तेमाल करें। इससे आने वाले मेहमानों को भी शांति का अहसास होता है और घर में पॉजिटिविटी बनी रहती है। गेस्ट रूम में भड़कीले रंगों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

### ना रखें फेमिली फोटोग्राफ

कई बार ऐसा होता है कि लोग अपने घर के गेस्ट रूम को सजाते समय उसमें अपना पर्सनल सामान भी रखते हैं। मसलन, कई बार लोग बेड के सिरहाने या फिर दीवार पर फैमिली फोटोग्राफ सजाते हैं। लेकिन गेस्ट रूम को सजाते समय आपको अपनी पर्सनल चीजों मसलन फैमिली फोटोग्राफ का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

### नेचर से जुड़ी चीजें करें इस्तेमाल

गेस्ट रूम को सजाते समय आप नेचर से जुड़ी तस्वीरों या पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप हरे भरे जंगल, घास के मैदान या फिर गांव के सीन्स आदि से उसे सजाएं। इससे ना केवल कमरे की खूबसूरती बढ़ती है, बल्कि उसमें एक पॉजिटिविटी भी बनी रहती है।

### बेडशीट के डिज़ाइन पर दें ध्यान

जब आप गेस्ट बेडरूम को सजा रहे हैं तो बेड पर भी ध्यान दें। हमेशा कोशिश करें कि आप गेस्ट बेडरूम में ऐसी बेडशीट का इस्तेमाल ना करें, जिसमें किसी तरह का जानवर बना हुआ हो। मसलन, हाथी, चीता, शेर या सांप आदि प्रिंट की बेडशीट के इस्तेमाल से बचें। ऐसा माना जाता है कि इस तरह की बेडशीट को बिछाने से गेस्ट के मन में आपके प्रति नेगेटिव फीलिंग्स आ सकती हैं।


# कल्कि 2898 एडी की तरह भविष्य की कल्पना पर आधारित हैं ये फिल्में, ओटीटी पर उठाएं लुत्फ

साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी हाल ही में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई है। इस मूवी को साउथ से लेकर नॉर्थ बेल्ट तक के दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है। वहीं दुनियाभर में कल्कि 2898 एडी ने ऐसा धमाल मचाया है कि सभी लोग दंग रह गए हैं। बॉक्स ऑफिस पर कल्कि 2898 एडी आए दिन कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर आपको भी कल्कि 2898 एडी पसंद आई है तो आप इन सात डायस्टोपियन फिल्मों का मजा घर बैठे ओटीटी या यूट्यूब पर ले सकते हैं। आइए नजर डालते हैं इस लिस्ट पर-



## मातृभूमि ए नेशन विदाउट वुमन

साल 2003 में आई फिल्म मातृभूमि- ए नेशन विदाउट वुमन में ट्यूलिप जोशी और सुशांत सिंह ने अहम रोल निभाया था। इस मूवी को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।




## कार्बन ए स्टोरी ऑफ टुमारो

नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जैकी भगनानी और प्राची देसाई की फिल्म कार्बन- ए स्टोरी ऑफ टुमारो को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। बता दें कि ये फिल्म 2017 में रिलीज हुई थी।




## ब्लेड रनर 2049

अमेरिकी साइंस फिक्शन एक्शन मूवी - ब्लेड रनर 2049- में भविष्य की कल्पना की गई है। इस मूवी को लोगों ने काफी पसंद किया था। आप इसे अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



## ड्यून

हॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर डेनिस विलेन्यूवे की धांसू फिल्म ड्यून में जेंडया, टिमोथी चालमेट जैसे कलाकार नजर आए थे। इस मूवी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



# सूर्यकुमार या हार्दिक पंड्या, क्या गौतम गंभीर के पहले बड़े फैसले का हो रहा विरोध, क्यों हो रही टीम चुनने में देरी







**नई दिल्ली.** भारत को श्रीलंका दौरे पर 10 दिन बाद टी20 मैच खेलना है लेकिन टीम की घोषणा अभी नहीं हुई है. टीम इंडिया के चयन में हो रही देरी कई सवाल खड़े कर रही है. क्या यह गौतम गंभीर के हेड कोच बनने का असर है. क्या रोहित शर्मा के टी20 संन्यास के बाद नया कप्तान चुनने में कोई उलझन है. क्या नए कप्तान और हेड कोच का भी कोई समीकरण है, जो बीसीसीआई नही सुलझा पा रहा है. क्रिकेट की तमाम कयासबाजियों के बीच नए कप्तान और हेड कोच के समीकरण की बात ही सच के सबसे करीब लग रही है. आइए जानते हैं कैसे-

बीसीसीआई सूत्रों की मानें तो हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के कप्तान के तौर पर चयनकर्ताओं की पहली पसंद हैं. पंड्या का दावा भी बहुत स्वाभाविक है. वे टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के उप कप्तान थे. कप्तान (रोहित शर्मा) के संन्यास के बाद उप कप्तान का दावा पहला होता है. खासकर, यदि उस खिलाड़ी को दो साल पहले यही सोचकर उप कप्तान बनाया गया हो कि वह कप्तान को रिप्लेस करेगा.

### काबिलियत साबित कर चुके हैं पंड्या

हार्दिक पंड्या 16 टी20 मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं. आईपीएल में नई नवेली टीम गुजरात टाइटंस को चैंपियन बना अपनी काबिलियत का सबूत दे चुके हैं. हार्दिक की कप्तानी देखकर ही मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस से इस खिलाड़ी को ट्रेड किया. टीम में रिप्लेसमेंट की बात करें तो हार्दिक के मुकाबले कोई प्लेयर नहीं फिट बैठता. वे देश के एकमात्र ऑलराउंडर हैं, जो किसी भी फॉर्मेट और किसी भी मैदान पर खेलने के लिए फिट होते हैं।

### सूर्यकुमार का नाम अचानक उभरा

आखिर जब हार्दिक पंड्या कप्तानी के जरूरी सभी पैमानों पर खरे हैं, तो उन्हें कप्तान बनने से कौन सी बात रोक रही है. इसी जवाब को तलाशने परगौतम गंभीर का नाम उभरता है. बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि पिछले दिनों तक कप्तानी की रेस में पंड्या सबसे आगे थे. एक तरह से सबकी पसंद भी थे. लेकिन सूर्यकुमार का नाम अचानक और बड़ी तेजी से इस रेस में उभरा है. वे डार्क हॉर्स साबित हो सकते हैं।

# टूर्नामेंट में अपना वर्चस्व कायम रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम





भारतीय महिला टीम 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है और उसने सात बार इसका खिताब अपने नाम किया है। गत चैंपियन भारतीय टीम यहां अपना वर्चस्व कायम रखने उतरेगी और उसका पहला ही मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से दांबुला में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी। भारत सात खिताब के साथ एशिया कप की सबसे सफल टीम है। यह टूर्नामेंट 2012 से टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा।

### श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को श्रीलंका पहुंच गई है। बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। श्रीलंका क्रिकेट ने इस टूर्नामेंट के लिए दर्शकों के लिए स्टेडियम में प्रवेश नि:शुल्क रखा है। सभी मैच रनगिरी दांबुला अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

एशिया कप 2024 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन।

**रिजर्व-श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह।**




# भारत के इतने खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में लेंगे हिस्सा, आईओए ने जारी की सूची, आभा खटुआ का नाम नहीं

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इस महीने के अंत में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलीटों की सूची जारी कर दी है। पेरिस खेलों में भारत के 117 एथलीट हिस्सा लेंगे, जबकि 140 सहायक स्टाफ भी ओलंपिक के लिए जाएंगे। हालांकि, गोला फेंक एथलीट आभा खुटाआ का नाम इसमें शामिल नहीं है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति दी है। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है।

### एथलेटिक्स में होंगे सबसे ज्यादा खिलाड़ी

ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। 29 भारतीय एथलीट इन खेलों में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे जिसमे 11 महिला और 18 पुरुष शामिल हैं। इनके अलावा निशानेबाजी में 21 और हॉकी के 19 खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा लेंगे। टेबल टेनिस में आठ खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि बैडमिंटन में सात खिलाड़ी होंगे जिसमे दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शामिल हैं।

इनके अलावा कुश्ती के छह, तीरंदाजी के छह और मुक्केबाजी के छह खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा लेंगे। वहीं, गोल्फ से चार, टेनिस के तीन, तैराकी से दो, सेलिंग के दो और घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन से एक-एक खिलाड़ी इन खेलों में जाएंगे। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने 119 सदस्यों का दल भेजा था और टीम ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे जो ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है, ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं। खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है।

# रोजगार के अवसर बढ़ाने उद्योगों की श्रृंखला स्थापित की जाएगी -मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने अमरवाड़ा में 127 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये महाकौशल सहित पूरे प्रदेश में उद्योगों की श्रृंखला स्थापित की जाएगी। इससे युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दो लाख भर्तियां करने की तैयारी की जा रही है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिये रहने, खाने एवं कोचिंग की फ़ीस भी देने की व्यवस्था की जायेगी। ज़िला प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार करें। उनके सपनों को साकार करने में सरकार मदद करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित 127 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं किसानों के हितों की रक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। जनता से किये वादे पूरे करने की शुरुआत हो गई है।

मुख्यमंत्री ने छिन्दवाड़ा जिले को प्रदेश का मोर-मुकुट बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को प्रकृति ने खूब संवारा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की नैसर्गिक सुंदरता मन मोह लेती है। आज आभार रैली में लोगों का जनसैलाब देखकर लगता है कि होली एवं दीपावली का त्यौहार मन रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, खजुराहो सांसद श्री वी.डी.शर्मा, सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, पूर्व मंत्री श्री दीपक सक्सेना, नगर निगम महापौर विक्रम अहके सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में आम का पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाएँ यथावत संचालित होती रहेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए नवीन योजनायें लाई जाएगी। इन सबके लिए प्रदेश सरकार का बजट अब पूर्व के बजट से 20 प्रतिशत से अधिक रखने का लक्ष्य है। इनमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। आने वाले 5 वर्षों में बजट दोगुना किया जाएगा। किसान सम्मान निधि के लाभ से छूटे किसानों को किश्त देनें,जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलें,हर किसान के खेत तक पानी पहुँचे इसके लिए बांध बनाने की योजना भी शुरू हो चुकी है। डूब प्रभावित क्षेत्र में आने वाली भूमि के किसानों को भी मुआवज़ा देने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र कल्याण के लिये प्रधानमंत्री जन-मन योजना से अब पक्के मकान बनाकर दिए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों की किश्त शेष है, उसे भी सरकार द्वारा भरा जाएगा।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में प्रदेश के श्रद्धालुओं को देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ-साथ प्रदेश में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण करवाया जाएगा। इनमें उज्जैन के महाकाल मंदिर,राम राजा की नगरी ओरछा, मैहर के माँ शारदा माता मंदिर, दतिया का पीताम्बरा पीठ शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा है कि अमरवाड़ा विधायक श्री शाह द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए जो माँगे की गई है उन्हें पूरा किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राजस्व महाअभियान 2.0 में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण का कार्य कैंपों का आयोजन कर प्रारंभ किया जा रहा है। इस महाअभियान का उद्देश्य राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को दुरूस्त करना है। राजस्व महाअभियान 1.0 में प्रदेश में लगभग 30 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

खजुराहो सांसद श्री वीडी शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं का बेहतर तरीक़े से संचालन किया जा रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव का आयोजन 20 जुलाई को जबलपुर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस संबंध में छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट एवं सिवनी जिले के उद्योगपतियों से वर्चुअली चर्चा भी की। विधायक श्री शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा ज़िले को दी गई सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री शेषराव यादव, नगरपालिका अध्यक्ष अमरवाड़ा श्रीमती प्रीति नितिन तिवारी, पूर्व विधायक श्री टीकाराम चंद्रवंशी, श्री नथनशाह, श्री संतोष पारिक सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।



# इंदौर ने बनाया एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड

# सभी समुदायों के लोगों ने निभाई अहम भूमिका



## भारत विकास परिषद ने निभाई अहम भूमिका, सदस्यों ने लगाए 2 हजार पौधे




मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अगुवाई में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में इंदौर में 11 लाख पौधारोपण हेतु गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर लिया गया है। इंदौर के विभिन्न समाजों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवी संस्थाओं ने मिलकर इंदौर में एक नया इतिहास रच दिया है। प्रात: काल से ही संस्थाओं के सदस्य रेवती रेंज पर पहुंचना शुरू हो गए था, बीएसएफ, एन सी सी,नगर निगम, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, विभिन्न स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं के सदस्यों ने देखते ही देखते शाम 5.45 बजे तक 12 लाख 50 हजार से अधिक पौधारोपण कर दिया।

भारत विकास परिषद के रीजनल सेक्रेटरी संपर्क मनीष बिसानी ने बताया कि भारत विकास परिषद इंदौर की चारों शाखाओं अहिल्या, मालवा, तिलक एवं विवेकानंद ने मिलकर इस अवसर पर भारत विकास परिषद उपवन की स्थापना की। भारत विकास परिषद के सदस्यों ने लगभग 2 हजार पौधे लगाकर इस कीर्तिमान में अपना योगदान दिया है।

इस अवसर पर मनीष सोनल बिसानी, अक्षत झंवर, राजकुमार साबू, प्रहलाद पंकज सोनी, संजय सूर्यवंशी, वैभव श्वेता माहेश्वरी, कैलाश खण्डेलवाल, अजय रश्मि शर्मा, प्रदीप पिंकी धनोतिया, योगेश रश्मि केवडा, धर्मेंद्र निशा सेठिया, प्रदीप उषा धनोतिया, अंजना जैन, अमित रीता मंत्री, नितेश पल्लवी मुछाल, गर्व मुछाल, समकित जैन, हर्षवीर जैन, अमृत सनेचा, राजेन्द्र आर्य, भरत नागर, मितेश झंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाहन रैली निकाल रेवती रेंज पर रोपे पौधे, महाराणा प्रताप वन रखा नाम

रविवार को राजपूत समाज ने शहर को हरा-भरा करने के उद्देश्य से 11 लाख पौधारोपण अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज की। 51 लाख पौधारोपण के संकल्प में राजपूत समाज ने भी 15 हजार पौधों का रोपण रेवती रेंज की पहाड़ी में किया। राजपूत समाज ने जहां पौधारोपण किया उसको महाराणा प्रताप वन नाम दिया एवं उसके संरक्षण की जिम्मेदारी 100 युवाओं को सौंपी। इसके पहले वाहन रैली निकाली, जिसमें युवाओं के साथ-साथ मातृशक्तियों ने भी शहरवासियों को हरियाली बचाओ-पौधे लगाओ का संदेश दिया।



## भांबी सूत्रकार समाज ने की सक्रिय भागीदारी, 11 हजार पौधो रोपे



पौधारोपण के महापर्व के कार्यक्रम में रेवती रेंज पर भांबी सूत्रकार समाज द्वारा 11000 पौधों का रोपण किया गया एवं उस स्थान को अपने गुरुवार आचार्य स्वामी गरीब साहब महाराज के नाम से गरीब वाटिका के रूप में विकसित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों,युवा साथियों, महिलाओं द्वारा उत्सापूर्वक सहभागिता की और वर्ष भर गरीब वाटिका में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम वरिष्ठ पार्षद सुरेश कुरवाडे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अशोक खोवाल अध्यक्ष, उगम पखारिया, राजकुमार सुरेला, श्यामलाल मेहरडे, हरि शंकर खोवाल, कन्हैया लाल लाड़ने, सुरेश डुकट, पप्पू पहलवान सिंगले, नवीन पालीवाल, पंकज दुबेरिया, रामेश्वर बरी, सुनील खोव़ाल, मुकेश रोजड़े, अशोक देबाने, मोहन लाल परिहार, डॉ. मुकेश मेहरडे आदि मौजूद थे।

## सियागंज होलसेल किराना ब्रोकर्स एसोसिएशन इंदौर ने भी लगाए पौधेएक पेड़ मां के नाम आयोजन में सहभागिता करते हुए 500 पौधे रोपे

दी सियागंज होलसेल किराना ब्रोकर्स एसोसिएशन ने एक पेड़ मां के नाम आयोजन में सहभागिता करते हुए 500 पौधे रोपे। रेवती रेंज में 14 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में संस्था की ओर से मनीष बिसानी, यशपाल कुंदवानी, योगेश कंधारी, राजेश मुंजे, योगेश लालवानी, इंदर मेड़तवाल, राकेश मूलचंदानी, रवि माखीजा, निकेश तलरेजा, नंदू लोकवानी, अमित मोहता, हिमांशु कुदंवानी , अभिषेक मेड़तवाल एवं अन्य समाजजन ने उपस्थित होकर पौधे लगाए। साथ ही वहां पर माहेश्वरी समाज, मेडतवाल समाज, भारत विकास परिषद, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इंदौर कन्फेक्शनरी एसोसिएशन एवं सिंधी समाज की अनेक संस्थानों ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता की।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )